दिल्ली पुलिस ने फर्जी वीजा, पासपोर्ट में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ किया

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज : दिल्ली पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर गैंगस्टरों के लिए जाली वीजा और पासपोर्ट बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। उन्होंने कथित तौर पर सचिन थापन का फर्जी पासपोर्ट बनाने में उनकी मदद की, जो गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपी लॉरेंस बिश्नोई के भतीजे हैं। गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनकी पहचान राहुल सरकार, नवनीत प्रजापति, अरिजीत कुमार, सोमनाथ प्रजापति और एक महिला के रूप में हुई है। दक्षिण जिले की पुलिस उपायुक्त बनिता मैरी जैकर ने कहा कि वे कानून के शिकंजे से गैंगस्टरों को भागने में मदद करते थे।

दिल्ली के स्कूली छात्र लोगों को सिखाएंगे हैप्पीनेस क्लास के गुर : सिसोदिया

दिल्ली सरकार के स्कूलों में हैप्पीनेस उत्सव 2022 की शुरुआत

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

हैप्पीनेस क्लास अब केवल दिल्ली के सरकारी स्कूलों तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि छात्रों ने हैप्पीनेस क्लास में जो सीखा वह उसे लोगों को सिखाएंगे। दिल्ली में 4 साल पहले दलाई लामा की उपस्थिति में हैप्पीनेस करिकुलम की शुरूआत की गई थी। पिछले 4 सालों में देश-दुनिया के बहुत से लोगों इस करिकुलम से देखने-सीखने आए कि कैसे रोजाना दिल्ली के सरकारी स्कूलों में लाखों बच्चे अपने दिन की शुरूआत हैप्पीनेस की क्लास और माइंडफुलनेस से करते हैं। अब दिल्ली के स्कूलों के बच्चे लोगों को इस क्लास के गुर सिखाएंगे। दरअसल दिल्ली सरकार के स्कूलों में गुरूवार से हैप्पीनेस उत्सव 2022 की शुरूआत हुई है। प्रसिद्ध लाइफस्टाइल कोच गौर गोपाल दास और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरूवार को इस उत्सव का

शुभारंभ किया। इस मौके पर गौर गोपाल दास ने बच्चों के साथ हैप्पीनेस क्लास अटेंड करते हुए माइंडफुलनेस का अभ्यास किया और बच्चों से हैप्पीनेस पर खास बातचीत करते हुए उन्हें हैप्पीनेस के असल मायने बताएं। उन्होंने कहा कि हैप्पीनेस की जो बातें आज दिल्ली सरकार के स्कूलों में बच्चों को सिखाई जा रही हैं, वो चीजें मैं इंजीनियरिंग करने के बाद आध्यात्मिक जीवन में आने के बाद सीख पाया कि कैसे माइंडफुल रहते हुए स्वयं अपने मन और जिन्दगी को बेहतर बना सकते हैं। गौर गोपाल दास एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं, और इन्होंने अपनी पढ़ाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, पुणे से की। इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने अपने करियर को अपग्रेड करते हुए एक लाइफ कोच बनने का फैसला किया। इसके बाद से 2 दशकों से अधिक समय से गौर गोपाल दास भारत और दुनिया के विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और कॉर्पोरेट फर्मों में अपनी बातें रख रहे हैं और यहां तक कि वह संयुक्त राष्ट्र और ब्रिटिश संसद में भी बोल चुके हैं। गौर गोपाल दास ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि, खुश रहने के लिए ये बेहद जरुरी है कि हमें खुशी के पहलुओं की समझ हो। हमें लगता है कि बहुत-सी सुविधाएं होने पर हम खुश रह सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। उदाहरण के लिए कोई शानदार गाडी हमें खुशी नहीं देती बल्कि सफर से खुशी मिलती है। ठीक उसी तरह हमें घर से खुशी नहीं मिलती बल्कि उसमें रहने वाले लोगों से, उनके साथ हमारे रिश्तों से खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि बड़ी सुविधाएं हासिल करना गलत नहीं है वो बेहद जरुरी है, क्योंकि उससे हम स्वयं की अपने परिवार की जिन्दगी को बेहतर कर सकते हैं। लेकिन यह सोचना कि आपके पास मौजूद वस्तुएं आपको खुशी देंगी ये गलत है। सिसोदिया ने कहा कि हैप्पीनेस करिकुलम बहुत सफल रहा है। अब बच्चे स्वयं यह मानते हैं कि उनका पढ़ाई में फोकस बढ़ा है और उन्हें स्ट्रेस-फ्री रहने में मदद मिली है। पेरेंट्स मानते हैं कि उनके बच्चों में उनके व्यवहार में बदलाव आया है। टीचर्स भी ये मानते है कि उन्होंने इस करिकुलम के माध्यम से खुद में और विद्यार्थियों में बदलाव को नोटिस किया है।

जहांगीरपुरी हिंसा मामला : दिल्ली पुलिस जल्द दाखिल करेगी आरोपपत्र

नई दिल्ली/उत्तम हिन्दू न्यूज

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा जहांगीरपुरी हिंसा मामले में जल्द आरोपपत्र दाखिल कर सकती है। यह जानकारी सूत्रों ने गुरुवार को दी। दिल्ली पुलिस ने अब तक 37 लोगों को गिरफ्तार किया है और चार्जशीट में साजिशकर्ताओं के नाम का जिक्र है। जांच से जुड़े सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि आरोपपत्र 2000 पेजों से अधिक का होगा, जिसमें तीन लोगों को मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है। सूत्र ने कहा, तारबेज, इरशफिल और मोहम्मद अंसार मुख्य आरोपी हैं। इरशफिल मामले में फरार चल रहा है, जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। हम इन आरोपियों को रोहिणी कोर्ट में पेश करेंगे। चार्जशीट 27 आर्म्स एक्ट के साथ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 186, 353, 332, 323, 427, 436, 307, 120बी के तहत दायर की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मामले को साबित करने के लिए दिल्ली पुलिस वीडियो साक्ष्य पेश करेगी। बता दें, 16 अप्रैल को दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा जुलूस के दौरान विभिन्न समुदायों के लोगों के दो समूहों के बीच झड़प हो गई थी। हिंसा में कम से कम आठ पुलिसकर्मी और एक नागरिक घायल हुआ था।

बच्चों में जागरूकता लगाएगी बाल अपराध पर अंकुश

करनाल/आशुतोष गौतम : नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) के तत्वावधान में चल रहे 'एक्सेस टू जस्टिस' प्रोजेक्ट के तहत करनाल जिले के नेवल गांव के राजकीय मिडिल स्कूल में एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिममें एमडीडी ऑफ इंडिया की ओर से रामेश्वर दास द्वारा बच्चों को पॉक्सो कानून, गुड टच, बैड टच, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, ट्रैफिकिंग व चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

रोटरी क्लब हेरिटेज ने मानव भवन में लगाया वॉटर डिस्पेंसर

फरीदाबाद/मनोज तोमर

रोटरी क्लब फरीदाबाद हेरिटेज ने गुरुवार को मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में एक वॉटर डिस्पेंसर लगाकर उसे जरूरतमंद भाई बहनों को समर्पित किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब हेरिटेज के प्रेसिडेंट अनूप गर्ग ने कहा कि जरूरतमंद भाई बहनों की सेवा सहायता करना ही सबसे बड़ी समाज सेवा है मानव जीवन की सफलता के लिए सभी को यह पुण्य कार्य करना चाहिए। क्लब की सेक्रेटरी शालू गुप्ता, प्रोजेक्ट संयोजक रिक्की चौधरी, चार्टर्ड प्रेसिडेंट मनोज गुप्ता ने मानव सेवा समिति द्वारा 23 साल से किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते समिति को रोटरी क्लब हेरिटेज द्वारा हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

पतंजलि परिवार ने गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

पानीपत/राम मेहर कौशिक

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में पतंजलि परिवार पानीपत द्वारा गुरु पूर्णिमा का त्योहार देवी मंदिर में बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया। योग करते हुए योग गुरु स्वामी रामदेव के द्वारा चलाए जा रहे योग के कार्य को गति देने के लिए विशेष चर्चा की गई। भजनों गीतों कविताओं तथा नृत्य आदि के द्वारा सभी भाई बहनों में खूब उत्साह नजर आया। पतंजलि संरक्षक आदरणीय रघुवीर सैनी ने इस अवसर पर सब को आशीर्वाद दिया। प्राकृतिक चिकित्सक एवं पतंजलि प्रभारी डा.अशोक अरोड़ा ने बताया कि जून के महीने में 90 नए सहयोग शिक्षक बनाए गए हैं वह आगे कक्षाओं एवं शिवरों के माध्यम से योग कार्य को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा तथा आहार चिकित्सा की भी योग कक्षाओं में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर शीशपाल, रामपाल, बलवान सिंह, विनोद बांगड़ ,जेपी गुलाटी, परवीन, हितेश, ताराचंद सैनी ,लोकमान ,बलवान शर्मा, सुभाष,विनोद अरोड़ा, सुमन वाधवा, रेखा सेतिया, बीना भाटिया, कीर्ति शीला,प्रेम चावला, शशि गर्ग, अनीता, सुनीता सुदेश आदि उपस्थित रहे।

गुरु पूर्णिमा पर शोभायात्रा निकाली

शोभा यात्रा का शुभारम्भ मुख्यअतिथि श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम पांचाल ने किया

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

पानीपत/कौशिक : श्री सतगुरु रामरतन पार्क ब्रह्म मुजफ्फ रनगर द्वारा श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर परम धाम दर्शन श्री राज शोभा यात्रा सत्संग का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य राकेश पांचाल के सानिध्य में श्री सतगुरु राम रतन साहिब की शोभायात्रा का शुभारंभ चंदन तिलक एवं आरती करके मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के अध्यक्ष ईसम पांचाल ,चेयरमैन विनोद पांचाल ,वाइस चेयरमैन सोमपाल फोरमैन, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान रघुवीर धीमान ,प्रबंधक राजकुमार पांचाल माजरी, पत्रकार मोहन लाल, रविन्द्र पांचाल, पार्षद पूनम शर्मा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जगदीश पांचाल व भाजपा नेता मनोज पांचाल द्वारा किया गया। शोभा यात्रा त्यागी भवन से आरंभ होकर सरवट रोड ,अहिल्याबाई चौक, चंद्रा सिनेमा, अंसारी रोड ,मालवीय चौक, झांसी की रानी चौक, शिव चौक ,जिला अस्पताल सहारनपुर बस स्टैंड ,रामपुरी गेट से होते हुए त्यागी भवन में संपन्न हुई। शोभायात्रा में रतन सिंह पाल ,सुनील त्यागी, बृज मोहन त्यागी, मधु ,नरेश त्यागी, अंगूरी, रजनी ,चित्र त्यागी ,उषा त्यागी, कुसुम धीमान ,सत्य कुमार पांचाल, हरबीर पाल, जसवीर धीमान, राजेश शर्मा ,प्रमोद शर्मा, निर्मला मलिक, सपना ,नवीन पांचाल ,मेघा त्यागी, सौरभ पांचाल, पायल धीमान, ममता त्यागी, सुमित प्रणामी, नितिन प्रणामी, राजकुमार प्रणामी, अंकुर प्रणामी, अरुण पांचाल ,संगीता त्यागी, अजय पांचाल व संतोष सैनी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

» शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापिस उसी स्थान पहुंची

श्री सतगुरु राम रतन साहिब की शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के अध्यक्ष ईसम पांचाल व अन्य।

श्रेष्ठ कार्य करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

सोनीपत/ दिनेश कुमार : ब्राइट स्कॉलर स्कूल में कक्षा पांचवीं के छात्रों ने विज्ञान पर आधारित बेहद खास व सुचारू रूप से कार्य करते हुए प्रोजेक्ट्स बनाए जोकि उन बच्चों की रूचि और अनुभव को दर्शाता है। आदित्य दहिया ने बैटरी से चालित एक कूलर बनाया जिसे देखने के बाद व उसे बनाने के लिए उपयोग में लाए गए सामान को देख सभी अध्यापक उनकी तारीफ किए बिना न रह सके। डिलिशा ने बैलेंस्ड डाइट सम्बन्धी प्रोजेक्ट्स बनाया जोकि स्वास्थ्य से संबंधित कुछ खास बातें बताता है। ग्रीष्मावकाश के दौरान गृहकार्य में बच्चों को प्रैक्टिकल से सम्बंधित कार्य दिए गए। हर कक्षा से अनेक विद्यार्थियों ने बेहतरीन तरीके से अपने प्रोजेक्ट्स बनाए जिसमें उन्होंने कुछ न कुछ नया बनाने की कोशिश की। सोलर प्लांट, वैक्यूम क्लीनर आदि जैसे अन्य प्रोजेक्ट्स भी काफी सराहनीय थे। प्रधानाचार्या डॉ किरण दलाल ने बच्चों की तारीफ की व कहा कि इन बच्चों के प्रोजेक्ट्स देखकर साफ पता लगता है कि इस तरह बच्चे कितना कुछ नया सीखते है। उन्होंने बच्चों के प्रोजेक्ट्स को खूब सराहा, उन्हें सम्मानित किया व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ।

भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ का 31 जुलाई को होगा चुनाव : शर्मा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
करनाल/आशुतोष गौतम

वाल्मीकि जन कल्याण संघ रजि. संस्था की नई कार्यकारणी के गठन के लिए चुनाव/मतदान 31 जुलाई 2022 को प्रातः10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक पंचायत भवन करनाल में होगा। यह जानकारी संस्था के रिटर्निंग अधिकारी आर.एस. शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था की एडहाक बाडी द्वारा 13 जुलाई 2022 को संस्था के कार्यालय वाल्मीकि भवन सैक्टर 9 करनाल में सदस्यों की सूची को सूचनार्थ चस्पा करवाया गया है। रिटर्निंग अधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 27 जुलाई 2022 को प्रात- 10 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया सैक्टर 9 करनाल में स्थित वाल्मीकि भवन में की जाएगी। इसके बाद 28 जुलाई को प्रात- 10 बजे से 11 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच पडताल की जाएगी और 29 जुलाई को प्रात- 10 बजे से 12 बजे तक नाम वापिस लिए जा सकेगें तथा इसके उपरांत इसी दिन दोपहर बाद एक बजे तक चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएगे। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2022 को पंचायत भवन करनाल में प्रात- 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की जाएगी।

नॉर्थ जोन कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे 'आप' हरियाणा सह प्रभारी और नॉर्थ जोन संयोजक

जन-जन तक पहुंचाएंगे 'आप' की नीतियां : दिनेश प्रताप

करनाल/आशुतोष गौतम

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भ्रष्ट खट्टर सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। आज प्रदेश में आम आदमी त्रस्त है, युवा मायूस हैं, अपराध बढ़ रहे हैं। महंगाई ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। यह बात आम आदमी पार्टी के हरियाणा सह प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कही। वे करनाल में गोल्डन मोमेंट्स हॉल में नॉर्थ जोन कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा ले रहे थे। उनके साथ नॉर्थ जोन संयोजक चित्रा सरवारा भी मौजूद रहीं। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की नीतियां जन-जन तक ले जाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे और सत्ता परिवर्तन तक लड़ाई लड़ी जाएगी । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि आज के समय में दिल्ली मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की नीतियों से ही विकास और जनता को आर्थिक संबल मिल सकता है। वहीं चित्रा सरवारा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संगठन को गांव गांव में मजबूती देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक-एक गांव की प्रोफाइलिंग की जाएगी। गांव गांव जाकर लोगों से समस्याएं पूछी जाएंगी। इसके आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष महिंद्र सिंह राठी, कार्यकारिणी अध्यक्ष बलविंदर, संगठन मंत्री हरजीत सिंह भाटी, उपाध्यक्ष रामपाल, विधानसभा अध्यक्ष अमनदीप, संजीव मेहता ,अनिल वर्मा, रणदीप राणा, अजीत सिंह, सुरेंद्र सिंगला, सोनिया बोहत, मेघराज, अर्पित पोपली, रणबीर आर्य, वेदपाल भिंदर कौर, रामपाल मान, गुरविंदर कौर,राज सुखन, रेखा गुर्जर, राजीव गोंदर, एडवोकेट राजकुमार ,जिले सिंह, दलविंदर सिंह चिमा, धर्मपाल राणा, मेहर सिंह, नसीब आर्य, एसआर कथूरिया ,लाभ सिंह आर्य, राजेश कंबोज प्रवीण कंबोज एवं प्रवीण पूनिया उपस्थित रहे।

गुरु शिष्य को अंधकार से निकाल कर ज्ञान के प्रकाश में ले जाता है : डा. सतपाल

पानीपत/कौशिक : जिला आयुष विभाग के कार्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व पूर्ण उत्साह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सतपाल सिंह ने की। सब वक्ताओं ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से सहायक आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू व डा. सतपाल सिंह को सम्मानित भी किया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. सतपाल सिंह ने कहा कि भारत में प्राचीन काल से ही गुरु का स्थान गोविंद के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि वेद आयुर्वेद के जनक और चरक ऋ षि आयुर्वेद के गुरु माने गए हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में बीमार व्यक्ति को निरोग और निरोग व्यक्ति को 100 वर्षों तक सुखी जीवन जीने के लिए उपचार किया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य को अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश में ले जाने का काम करता है।

सुखबीर सिंह एन्टी करप्शन फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
करनाल/आशुतोष गौतम

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के विख्यात समाजसेवी सुखबीर सिंह गिल को राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया। सुखबीर सिंह गिल हुडा में उप मंडल अधिकारी, सिविल इंजीनियर एवं हुडा स्टेट विजिलेंस में कार्यरत रह चुके हैं। राष्ट्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा ने नव नियुक्त पदाधिकारी सुखबीर सिंह गिल को नियुक्ति पत्र सौंपकर सत्यनिष्ठा एंव पद की गरिमा में रहते हुए भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर सुखबीर सिंह गिल ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और देश भर से लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से सम्बंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि है।

भारत नगर में एक और खुला चेतना स्कूल

पानीपत/कौशिक

काबड़ी रोड स्थित भारत नगर में बच्चों के पढने के लिए एक और चेतना स्कूल की शुरूआत की गई। इसमें चालीस बच्चों के पढने की निःशुल्क व्यवस्था है। काबड़ी रोड के आस-पास बहुत सी कालोनियां है जो यहां पर बच्चों के पढने के लिए कोई सरकारी स्कूल नहीं है। गरीब बच्चे चेतना स्कूलों में ही पढ़ते हैं। इससे पहले इस क्षेत्र में 15 बच्चें चेतना स्कूल चलते हैं। जिनमें सिलाई, ब्यूटी पार्लर स्कूल सम्मिलित है। पाठ्य सामग्री से भरे बस्ते बांटते हुए सीए गौतम खेड़ा ने कहा कि बच्चें पढेंगे तो देश तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि मेरे पूज्य पिता प्रमोद खेड़ा हमेश चेतना परिवार से जुड़े रहे। वे समाजहित के कार्यो में अग्रणी थे। हम उनकी जलाई मशाल को बुझने नहीं देगें। चेतना परिवार के न्यासी दीपचन्द निर्मोही ने बताया कि चेतना परिवार पिछले बीस वर्षो से आखिरी बस्तियों में शिक्षा अभियान चला रहे है। इस अवसर पर किरण सैनी, सुनीता मिश्रा, सिमरन चौधरी, रूपा व कविता उपस्थि रही। शिवानी बच्चों को पढ़ाएंगी।

काबड़ी रोड पर भारत नगर में बच्चों को सीए गौतम खेड़ा पाठय सामग्री बांटते हुए।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ऋ) और ग्रांटर(ऋ) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रेडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ऋ)/सह ऋणदाताओं/ ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ऋ) के साथ परिचित बाधा यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	मोहम्मद सामी (ऋणदाता) नगमा बानो (सह-ऋणदाता) ऋण खाता संख्या नं. LHNOD00000791030/ NHNOD00000736487	फ्लैट 710 एवं 711, 7वीं मंजिल देविका टॉवर प्लॉट नं. 4 ए एवं बी चंदर नगर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201001	रु. 48,89,120/- (जैसे 09, जुलाई 2022 को)	रु. 37,31,570/- रु. 3,73,157/-	25 जुलाई 2022 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	30 जुलाई 2022 को प्रात:11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **29 जुलाई, 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **29 जुलाई 2022 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्पलैक्स, प्लॉट नं. 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010** में **29 जुलाई, 2022 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी'** के पक्ष में **गाजियाबाद** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869** पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: जुलाई 15, 2022
स्थान: गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड